दिन—शनिवार दिनांक— 22/06/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 03:10 बजे से। अवधि— 05 मिनट

संयुक्त मेडिकल प्रवेश परीक्षा—नीट पेपर लीक मामले में आर्थिक अपराध इकाई, ईओयू ने कार्रवाई तेज कर दी है। इस मामले के एक आरोपी सिंटू कुमार को ईओयू की टीम झारखंड के देवघर से पटना लाकर पूछताछ कर रही है। वहीं, तीन अन्य लोगों को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। इधर, इस मामले को लेकर आरोप—प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा कि पेपर लीक मामले के दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की जगह केन्द्र सरकार लोगों का ध्यान मुद्दे से हटाना चाह रही है। पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि पहले पेपर लीक से इंकार करने वाली सरकार अब इसे रोकने के लिए कानून लागू करने की बात कह रही है। इधर, बीजेपी, जदयू और एनडीए के अन्य दलों ने पेपर लीक मामले के तार तेजस्वी प्रसाद यादव के पीएस से जुड़ने का आरोप लगाया है।

————————————————————————————

केंद्र सरकार ने प्रतियोगी परीक्षाओं में कदाचार और अनियमितताओं पर अंकुश लगाने के लिए एक कड़ा कानून बनाया है। नए कानून के तहत दोषियों को अधिकतम दस साल की जेल की सजा और एक करोड़ रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान किया गया है। कार्मिक मंत्रालय ने अधिसूचना जारी कर कहा है कि नए कानून के प्रावधान आज से लागू हो जायेंगे। सार्वजनिक परीक्षा अनुचित साधनों की रोकथाम विधेयक, दो हजार चौबीस छह फरवरी को लोकसभा और नौ फरवरी को राज्यसभा से पारित कर दिया गया था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बारह फरवरी को इस विधेयक को मंजूरी देकर इसे कानून में बदल दिया। संघ लोक सेवा आयोग, कर्मचारी चयन आयोग, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी—एनटीए, रेलवे भर्ती बोर्ड, बैंकिंग भर्ती परीक्षा निकायों और अन्य सार्वजनिक परीक्षाओं में कदाचार और अनुचित साधनों को रोकने के लिए यह अधिनियम बनाया गया है।

————————————————————————————

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन आज नई दिल्ली में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के वित्त मंत्रियों के साथ बजट पूर्व चर्चा कर रही हैं। बैठक में गोवा, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड और सिक्किम के मुख्यमंत्री तथा बिहार, मध्य प्रदेश, ओडिशा, राजस्थान और तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री समेत अनेक अधिकारी भाग ले रहे हैं। वित्त मंत्री ने कल किसान संघों के प्रतिनिधियों और कृषि अर्थशास्त्रियों के साथ बजट पूर्व परामर्श किया था। इससे पहले, वे वित्तीय और पूंजी बाजार क्षेत्र के प्रमुख विशेषज्ञों, उद्योगपतियों और औद्योगिक संघों के साथ–साथ प्रमुख अर्थशास्त्रियों के साथ भी इस तरह के परामर्श कर चुकी हैं।

———————————————————————————

सीवान जिले के महाराजगंज अनुमंडल अंतर्गत पटेढ़ा और गरौली गाँव के बीच स्थित सड़क पुल आज सुबह अचानक टूट गया। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। पुल ध्वस्त होने से दोनों गाँवों के बीच आवागमन पूरी तरह से ठप हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि गंडक विभाग द्वारा नहर की सफाई कराई गई थी, और नहर की मिट्टी काटकर नहर के बांध पर फेंकी गई थी। इस प्रक्रिया से पुल का पिलर काफी कमजोर हो गया था, जिसके कारण पुल टूट गया।

———————————————————————————

प्रदेश में दक्षिण–पश्चिम मॉनसून ने दस्तक दे दी है। इसके प्रभाव से राज्य के उत्तरी और उत्तर–पूर्व भागों में कई स्थानों पर बारिश का सिलसिला जारी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज राज्य के अधिकांश हिस्सों में हल्की बारिश की सम्भावना है। वहीं, पूर्वी चम्पारण, पश्चिमी चम्पारण, गोपालगंज, अररिया और किशनगंज जिले में भारी बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने बताया है कि इस दौरान चालीस से पचास किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की भी सम्भावना है। इधर, मॉनसून के आगमन के बाद राज्य के अधिकतर हिस्सों के तापमान में चार से पांच डिग्री सेल्सियस तक की कमी आयी है। विभाग ने कहा है कि अगले कुछ घंटों में बक्सर, कैमूर, रोहतास और औरंगाबाद समेत राज्य के दक्षिणी भागों में भी मॉनसूनी वर्षा से लोगों को गमी से राहत मिलेगी।

———————————————————————————

पटना के ज्ञान भवन में आज से दो दिवसीय आम महोत्सव शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इसका उद्घाटन किया। महोत्सव में तीन सौ से अधिक

किस्म की आम की प्रजातियां प्रदर्शित की गयी हैं। कृषि विभाग की ओर से आयोजित इस महोत्सव में विभिन्न जिलों के आम उत्पादकों और उद्यमियों ने अपने–अपने उत्पादों के स्टॉल लगाये हैं। मुख्यमंत्री श्री कुमार ने विभिन्न स्टॉलों पर जाकर आम की विभिन्न प्रजातियों की जानकारी ली। इस अवसर पर कृषि मंत्री मंगल पांडेय समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

———————————————————————————

आईसीसी पुरुष टी–ट्वेंटी विश्व कप क्रिकेट के सुपर–एट मुकाबले में आज भारत और बांग्लादेश की भिड़त होगी। यह मैच भारतीय समयानुसार रात आठ बजे से एंटीगुआ के नॉर्थ साउंड के सर विवियन रिचड्र्स स्टेडियम में खेला जाएगा।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।